**25/08**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने आज नई दिल्ली स्थित श्रम शक्ति भवन में अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चाउना मेन, मेघालय के ऊर्जा मंत्री मेतबाह लिंगदोह और मिजोरम के ऊर्जा मंत्री एफ. रोडिंग लियाना के साथ पूर्वोत्तर राज्यों में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने अरुणाचल प्रदेश की प्रमुख प्राथमिकताओं को सामने रखा, जिनमें किमिन में प्रस्तावित एक सौ बत्तीस बाई तैंतीस केवी सब-स्टेशन और इससे संबंधित LILO लाइनों का निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना किमिन और आसपास के क्षेत्रों में वोल्टेज में उतार-चढ़ाव, बिजली आपूर्ति बाधित होने तथा मौजूदा लंबित तैंतीस केवी फीडर की सीमाओं की समस्या के समाधान के लिए महत्वपूर्ण है।

श्री मेन ने अरुणाचल प्रदेश की बढ़ती जलविद्युत क्षमता और राज्य में आगामी बिजली परियोजनाओं पर भी प्रकाश डाला। बैठक में क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय सहायता से अवसंरचना के विकास तथा ग्रिड को मजबूत करने और बिजली आपूर्ति प्रणाली की दक्षता बढ़ाने के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम - BESS के विकास पर भी चर्चा हुई।

इस बीच, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने राज्यों को लागत के अनुरूप बिजली दरों को तर्कसंगत बनाने, AT&C यानी समग्र तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों को कम करने और वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी।

0000000000000000000000000000

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने आज बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ भारत-चीन सीमा मुद्दे और दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार को लेकर विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता की। यह वार्ता महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की नई दिल्ली में बारह और तेरह सितंबर को होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रस्तावित यात्रा से पहले हो रही है। अजीत डोभाल और वांग यी दोनों ही सीमा वार्ता तंत्र के लिए नामित विशेष प्रतिनिधि हैं। यह तंत्र वर्ष दो हज़ार तीन में भारत-चीन के बीच तीन हज़ार चार सौ अट्ठासी किलोमीटर लंबी सीमा से जुड़े विवाद का व्यापक समाधान तलाशने के लिए स्थापित किया गया था।

0000000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनायक रिटायर्ड ने ओणम के पूर्व संध्या पर राज्यवासियों, विशेष रूप से केरल के उन लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं, जो राज्य में अपनी सेवा प्रदान कर विकास एवं प्रगति में योगदान दे रहे हैं।

राज्यपाल ने कामना की है कि यह जीवंत पर्व प्रत्येक घर में सुख, उत्तम स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि लेकर आए। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि ओणम भारत के सबसे प्रिय फसल उत्सवों में से एक है, जिसे पूरे उत्साह, कृतज्ञता और सांस्कृतिक भव्यता के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कामना की कि ओणम की भावना सभी के हृदय में आनंद का संचार करे, भाईचारे के बंधन को मजबूत बनाए और अधिक सौहार्दपूर्ण, समृद्ध एवं समावेशी समाज के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने की प्रेरणा दे।

000000000000000000000000000

दिबाङ वैली उपायुक्त यशवंत मीणा ने आज आनिनी में दिबाङ वैली ज़िले की ज़िला योजना समिति की एक बैठक आयोजित की। यह बैठक वित्तीय वर्ष दो हज़ार छबीस-सत्ताइस के लिए ग्राम पंचायत विकास योजनाओं और ज़िला परिषद विकास योजना को तैयार करने और उन्हें मंज़ूरी देने के लिए आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए, उपायुक्त ने सभी पंचायती राज प्रतिनिधियों से कहा कि वे लोगों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए बेहतर तालमेल, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ अपनी ज़िम्मेदारियो का पालन करें।

000000000000000000000000000

लोअर दिबाङ वैली जिले के रोइङ डीसी कॉनफ़्रेंस हॉल में पंचायत राज संस्थाओं यानी PRI सदस्यों के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पहल पर एक ऑरियनटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में जमीनी स्तर पर भागीदारी को मजबूत करना था। कार्यक्रम में PRI सदस्यों और विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों सहित लगभग पचास प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

000000000000000000000000000

तवाङ उपायुक्त नामग्याल आङमो ने आज पुलिस अधीक्षक तवाङ तासी दाराङ द्वारा लिखित कहानियों के संग्रह **'फायरसाइड टेल्स'** का विमोचन किया। यह पुस्तक स्थानीय कहानियों, संस्कृति और विरासत की समृद्धि का उत्सव है। जिसका उद्देश्य बहुमूल्य कथाओं और स्मृतियों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है। पुस्तक की भूमिका मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने लिखी है, जबकि इसका चित्रांकन मिच तारुङ द्वारा किया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के इस रचनात्मक प्रयास की सराहना की।

000000000000000000000000000

पासिघाट स्थित एपेक्स प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा आज विश्वविद्यालय के श्रुति हॉल में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के तहत नशा-विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशीली दवाओं के सेवन और मादक पदार्थों की लत के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, जिम्मेदार और नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था।

0000000000000000000000000000

और ईटानगर मौसम विभाग ने आज पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी और लोहित ज़िले के लिए अगले चौबीस घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000000000